| | | |
|---|---|---|
| | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड<br>(भारत सरकार का एक उपक्रम)<br>पारेषण व्यापार समूह,<br>बीएचईएल सदन, प्लॉट नं. 25,<br>सेक्टर 16ए, नोएडा-201301 | ई-मेलः tbghr@bhel.in |


**विज्ञापन संख्या एफटीए 01/2026**

# पारेषण व्यापार समूह (ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप), बीएचईएल की साइटों पर साइट संचालन और स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एचएसई) संबंधी भूमिकाओं के लिए निश्चित अवधि आधार पर साइट पर्यवेक्षकों की आवश्यकता

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) कैपिटल गुड्स सेक्टर की एक अग्रणी कंपनी है जो वर्ष 1964 से मेक इन इंडिया पहल में योगदान करते हुए गौरवान्वित महसूस करती है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों ही बाजारों में सेवा प्रदान करते हुए, कंपनी पावर तथा औद्योगिक क्षेत्र की सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है तथा उपकरण, सिस्टम एवं सर्विस की आपूर्ति सहित समग्र समाधान प्रदान करती है। कंपनी विद्युत संयंत्र उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना करके विद्युत उत्पादन के बुनियादी ढांचे- थर्मल, हाइड्रो , गैस, परमाणु और सोलर पीवी के निर्माण में सहयोग प्रदान करती है। बीएचईएल विद्युत ट्रांसमिशन, रेल परिवहन, रक्षा, एयरोस्पेस, तेल एवं गैस तथा अन्य प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीएचईएल के पास 16 विनिर्माण केंद्रों, 02 मरम्मत इकाइयों, 04 क्षेत्रीय कार्यालयों, 09 सेवा केंद्रों, 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्रों तथा 04 सक्रिय संयुक्त उद्यमों का एक व्यापक नेटवर्क है। कंपनी में 5 शोध संस्थान और 15 उत्कृष्टता केंद्र हैं। कंपनी के विश्व के सभी बसे हुए महाद्वीपों के 93 देशों के साथ व्यावसायिक संबंध हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का कुल कारोबार (टर्नओवर) 27,355 करोड़ रुपये का रहा है।

बीएचईएल - ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप (टीबीजी), नोएडा दो साल की अवधि के लिए निश्चित कार्यकाल के आधार पर एफटीए ग्रेड - III (पर्यवेक्षक) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है जिन्हें आवश्यकता के अनुसार साइट संचालन और एचएसई संबंधित कार्य के लिए भारत में स्थित टीबीजी साइटों पर तैनात किया जाएगा।

**नियुक्ति की अवधि:**

नियुक्ति दो साल की प्रारंभिक अवधि या कार्य पूरा होने तक (जो भी पहले हो) के लिए होगी।

**रिक्तियों की संख्या निम्नानुसार होगी:**

| **पद** | **रिक्तियों की संख्या** |
|---|---|
| एफटीए ग्रेड III (पर्यवेक्षक) - इलेक्ट्रिकल | 05 |
| एफटीए ग्रेड III (पर्यवेक्षक) -सिविल | 05 |
| एफटीए ग्रेड III (पर्यवेक्षक) -सेफ्टी (संरक्षा) | 13 |
| कुल | 23* |

* ऊपर बताए गए रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और आगे के मूल्यांकन के आधार पर वास्तविक आवश्यकता भिन्न हो सकती है।

**आरक्षण एवं छूट**

| **पद** | **रिक्तियों की संख्या** | **यू. आर** | **अ. जा.** | **अ.ज.जा.** | **अ.पि.व.** | **ईडब्ल्यूएस** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एफटीए ग्रेड III (पर्यवेक्षक) | 23 | 12 | 03 | 01 | 05 | 02 |

दिव्यांग व्यक्तियों और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण, सरकार के निदेशों के अनुसार होगा।

**यू. आर**.-अनारक्षित, **अ. जा.**-अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.-** अनुसूचित जनजाति, , **अ.पि.व.-** अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), **ई. डब्ल्यू. एस**.-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

**अ.पि.व.** श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां केवल नॉन क्रीमी लेयर के तहत आने वाले उम्मीदवारों के लिए हैं।

**01.02.2026 को ऊपरी आयु सीमा**:

एफटीए ग्रेड III (पर्यवेक्षक) - इलेक्ट्रिकल/सिविलः 30 वर्ष
एफटीए ग्रेड III (पर्यवेक्षक) – सेफ्टी: 34 वर्ष

ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्नानुसार दी जाएगी:
एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष

**अ.पि.व**. (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष

**अ.पि.व** के तहत आरक्षण का लाभ उठाने के लिए निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा:

पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिएः दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षण सरकारी निदेशों के अनुसार होगा।

पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्नानुसार होगी:
- सामान्य वर्ग के लिए 10 साल
- ओ. बी. सी. (एन. सी. एल.) के लिए 13 वर्ष
- एससी/एसटी के लिए 15 वर्ष

पूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट मौजूदा सरकारी नियमों के अनुसार होगी।

उन उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 साल की छूट होगी जो सामान्य रूप से 1/1/1980 से 31/12/1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य में अधिवासित (domiciled) थे।

**कार्य विनिर्देश** (Job specification)**:**

| **क्र.सं.** | **पद/पोजीशन कोड** | **आवश्यक शैक्षिक/ अर्हता योग्यता** | **अनुभव (अर्हता प्राप्त करने के बाद)** | **पदों की संख्या** | **ऊपरी आयु सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एफ. टी. ए. _ टी. बी. जी. _ 001 _ एच. एस. ई | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में पूर्णकालिक मान्यता प्राप्त डिप्लोमा,सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओ. बी. सी. उम्मीदवारों के लिए कुल मिलाकर (aggregate) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता होगी। एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता होगी।<br><br>**और**<br>राज्य तकनीकी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से औद्योगिक सुरक्षा में पूर्णकालिक डिप्लोमा (निर्माण सुरक्षा में कम से कम एक पेपर के साथ) | **अनिवार्य**: निर्माण स्थलों (Construction Sites) पर सेफ्टी में न्यूनतम 2 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव<br><br>**वांछनीयः**<br>05 वर्षों की अवधि के लिए पर्यवेक्षी भूमिका में भवन या अन्य निर्माण कार्य का व्यावहारिक अनुभव, जिसमें निर्माण स्थलों पर सेफ्टी में 02 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव शामिल हो। | 13 | 34 वर्ष |

| क्र.सं. | पद/पोजीशन कोड | आवश्यक शैक्षिक/ अर्हता योग्यता | अनुभव (अर्हता प्राप्त करने के बाद) | पदों की संख्या | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | एफ. टी. ए. _ टी. बी. जी. _ 002 _ सिविल | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल विषय में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक डिप्लोमा<br>सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओ. बी. सी. उम्मीदवारों के लिए कुल मिलाकर (aggregate) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता होगी। एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता होगी। | **अनिवार्य**: निम्नलिखित में से किसी भी क्षेत्र से जुड़े सिविल कार्यों में न्यूनतम 2 साल का कार्य अनुभवः बिजली परियोजनाएं/स्विचयार्ड सबस्टेशन/औद्योगिक निर्माण परियोजनाएं<br><br>**वांछनीयः** सिविल गुणवत्ता मानकों का ज्ञान। | 05 | 30 वर्ष |
| 03 | एफ. टी. ए. _ टी. बी. जी. _03 _ विद्युत | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल विषय में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक डिप्लोमा<br>सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओ. बी. सी. उम्मीदवारों के लिए कुल मिलाकर (aggregate) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता होगी। एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता होगी। | **अनिवार्य**: निम्नलिखित में से किसी एक के इंस्टॉलेशन और कमिशनिंग में न्यूनतम 2 साल का कार्य अनुभवः<br>पावर प्लांट कंट्रोल मॉनिटरिंग एंड एसोसिएटेड सिस्टम/इंस्ट्रूमेंटेशन एंड पीएलसी सिस्टम/पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम (इनवर्टर, यूपीएस ड्राइव, रेक्टिफायर)/एससीएडीए सिस्टम/एचवीडीसी और रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट/स्विचयार्ड सबस्टेशन<br><br>**वांछनीयः** परियोजना स्थल(स्थलों) पर स्विचयार्ड सबस्टेशन के संचालन और परीक्षण में प्रासंगिक अनुभव | 05 | 30 वर्ष |

**परिलब्धियाँ एवं अन्य लाभों का विवरण**

उपर्युक्त पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को निम्नानुसार एक मासिक समेकित पारिश्रमिक (कुल मिलाकर) का भुगतान किया जाएगाः

**परिलब्धियाँ**

| पद | कुल मिलाकर समेकित पारिश्रमिक |
|---|---|
| एफ. टी. ए. ग्रेड III - पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल/सिविल /सेफ्टी) | पहले वर्ष में 45,000/- रुपये प्रति माह<br>दूसरे वर्ष में 48,000/- रुपये प्रति माह |

**चिकित्सा सुविधा**

स्वयं, जीवनसाथी और आश्रित बच्चों के लिए 5 लाख रुपये तक की मेडिक्लेम पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

**सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा**

सभी निश्चित कार्यकाल नियुक्तियों को बी. एच. ई. एल. की समूह व्यक्तिगत दुर्घटना नीति के तहत कवर किया जाएगा, जिसमें प्राकृतिक मृत्यु, बीमारी के कारण मृत्यु और आत्महत्या को छोड़कर बाहरी कारणों से होने वाली शारीरिक चोट शामिल है।

**बैचलर आवास सुविधा**

चयनित उम्मीदवार को, बीएचईएल द्वारा साइट पर बैचलर आवास सुविधा प्रदान की जाएगी।

**छुट्टी**

सार्वजनिक अवकाशों के अलावा हर 20 दिनों के काम के लिए एक दिन का वैतनिक अवकाश (paid leave) स्वीकार्य होगा। नियुक्ति की अवधि के दौरान इस छुट्टी को अधिकतम 30 दिनों तक जमा करने की अनुमति होगी।

**चयन प्रक्रिया**

प्राप्त सभी आवेदनों की निर्धारित नौकरी विनिर्देश के संबंध में जांच की जाएगी और पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

योग्य आवेदनों की अधिक संख्या में प्राप्ति की स्थिति में, व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा अर्थात प्रति एक रिक्ति पर मेरिट सूची से 10 उम्मीदवारों को (1:10 के अनुपात में) साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। मेरिट सूची अर्हक परीक्षा यानि कि इंजीनियरिंग डिप्लोमा में प्राप्त अंकों के आधार पर बनाई जाएगी।

जहाँ भी डिग्री/डिप्लोमा में सी. जी. पी. ए./ओ. जी. पी. ए./डी. जी. पी. ए. या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन पत्र में इसके बराबर अंकों का प्रतिशत इंगित किया जाना चाहिए। सी. जी. पी. ए./ओ. जी. पी. ए./डी. जी. पी. ए. को प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों का प्रमाण आवेदन के साथ जमा किया जाना है।

**सामान्य नियम और शर्तें**

1. ये पद पूरी तरह से अस्थायी हैं और प्रारंभिक दो वर्षों की अवधि या कार्य समाप्ति, जो भी पहले हो, के लिए निश्चित अवधि के आधार पर प्रस्तावित किए गए हैं। ये पद किसी स्थायी रिक्ति के बदले नहीं हैं।

2. **यह स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया जाता है कि इस कार्य से बीएचईएल में स्थाई रोजगार का कोई अधिकार नहीं मिलेगा और यह नियुक्ति चिह्नित परियोजना/कार्य के लिए नियत समय के लिए ही है।**

3. उम्मीदवारों के पास **01.02.2026** की तिथि तक निर्धारित योग्यता और अनुभव होना चाहिए, और अगर बुलाया जाता है तो व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय संबंधित मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे। अगर चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार निर्धारित नौकरी विनिर्देश को पूरा नहीं करता है और/या उम्मीदवार ने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई ज़रूरी बात छिपाई है, तो ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। अगर ऊपर बताई गई कोई भी कमी, नियुक्ति के बाद भी पाई जाती है, तो आवश्यक कार्रवाई या मुकदमे के अलावा, नियुक्ति को समाप्त किया जा सकता है। जिन उम्मीदवारों के पास निर्धारित अर्हता के बाद का कार्य अनुभव नहीं है, वे आवेदन न करें।

4. कृपया ध्यान दें कि अर्हता के बाद का अनुभव, अगर कोई प्रशिक्षु/अप्रेंटिसशिप अवधि है, तो उसे छोड़कर होना चाहिए।

5. जो उम्मीदवार एक या एक से अधिक विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक और पात्र हैं, उन्हें ऐसा करने की अनुमति है। प्रत्येक आवेदित पद के लिए शुल्क (यदि लागू हो तो) का अलग से भुगतान करना होगा। हालांकि, ऑफर लेटर केवल एक पद के लिए ही जारी किया जाएगा।

6. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरना होगा और वेबसाइट पर अपेक्षित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

7. ओबीसी, एससी, एस टी, और (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन और पूर्व सैनिकों के लिए लागू छूट/रियायतों का लाभ उठाने के लिए, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में सावधानीपूर्वक श्रेणी और अन्य विवरण भरने चाहिए क्योंकि इसे बाद की तिथि में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, विज्ञापन में बताए गए विवरण के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड किए जाने चाहिए। यदि कोई प्रमाण पत्र हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है) उसका हिंदी या अंग्रेजी में प्रमाणित अनुवाद प्रस्तुत करना होगा।

8. अनारक्षित वर्ग, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों को 236/- रुपए की गैर-वापसी योग्य प्रॉसेसिंग शुल्क देना होगा। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/पूर्व सैनिकों को प्रॉसेसिंग शुल्क देने से छूट है।

9. सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा और चयन होने की स्थिति में अपने संगठन से कार्यभार मुक्ति आदेश (Relieving Order) प्रस्तुत करना होगा।

10. कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी, जिसमें शुद्धिपत्र/परिवर्तन/अपडेट और चुने गए उम्मीदवारों की जानकारी और भर्ती प्रक्रिया के दौरान आम निर्देश शामिल हैं, केवल https://careers.bhel.in (एफटीए/अंशकालिक पदों की भर्ती) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के बारे में ईमेल (आवेदन पत्र में दिए गए ईमेल आईडी पर) के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

11. व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को उनके शुरुआती स्टेशन या आवेदन पत्र में भरा हुआ पता, जो भी व्यक्तिगत साक्षात्कार की जगह के ज़्यादा पास हो, वहां से सबसे छोटे रास्ते से द्वितीय श्रेणी शयनयान गैर वातानुकूलित (Non AC) ट्रेन का आने-जाने का किराया दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें अपनी यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत / सत्यापित करवाना होगा।

12. बीएचईएल के पास आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई पूर्व सूचना जारी किए या कोई कारण बताए, भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने/सीमित करने/बढ़ाने/फिर से शुरू करने और रिक्तियों को बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है। प्रबंधन के विवेकानुसार, यहाँ उल्लिखित पद रिक्त रखे जा सकते हैं।

13. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में दिए गए आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल नोएडा, यूपी में ही शुरू की जा सकती है, जहां इकाई स्थित है, नोएडा, यूपी में स्थित न्यायालयों/ट्रिब्यूनलों/फोरमों (अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों) का ही एकमात्र और विशेष अधिकार क्षेत्र होगा।

14. जो आवेदन किसी भी संबंध में अपूर्ण हों, अस्पष्ट हों या सभी अपेक्षित दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत किए गए हों, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं होगा।

15. चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में आवेदकों की उम्मीदवारी अस्थायी होगी और यह निर्धारित नौकरी विर्निदेशों को पूरा करने पर निर्भर करेगी। उम्मीदवार को सिर्फ़ साक्षात्कार कॉल लेटर जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि कंपनी ने उसकी उम्मीदवारी स्वीकार कर ली है। बीएचईएल उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाने के बाद, मूल प्रमाण पत्र के आधार पर पात्रता शर्तों का सत्यापन करता है। यदि आवश्यक हुआ, तो बीएचईएल अपने स्वेच्छानिर्णयाधिकार पर, उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रामाणिकता को स्वतंत्र रूप से सत्यापित कर सकता है। इस संबंध में बीएचईएल का कोई भी निर्णय, अंतिम होगा।

16. उम्मीदवारों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयन होने पर, उनकी नियुक्ति बीएचईएल मेडिकल अटेंडेंस नियमों के अनुसार कंपनी के डॉक्टर/अधिकृत मेडिकल चिकित्सकों द्वारा मेडिकल जांच पर निर्भर करेगा।

17. आवश्यकता इकाई विशेष के लिए है और टीबीजी के अंतर्गत तैनाती के स्थान में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। कंपनी को प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार तैनाती के स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार है।

18. चयनित उम्मीदवारों को उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव में विशेष रूप से निर्धारित सेवा की शर्तों और संबंधित नियमों और शर्तों तथा लागू वैधानिक प्रावधानों द्वारा शासित होंगी।

19. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

20. इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया tbghr@bhel.in पर ईमेल भेजें।

21. किसी भी रूप में नियुक्ति हेतु दबाव बनाना या अनुचित प्रभाव का इस्तेमाल करना अयोग्यता का कारण होगा।

22. जिन उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रित/चयनित नहीं किया गया है, उनसे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें**

1. आवेदन जमा करने की प्रक्रिया केवल हमारी भर्ती वेबसाइट **https://careers.bhel.in (एफटी ए/अंशकालिक पदों की भर्ती)** के माध्यम से ऑनलाइन मोड में ही होगी।

2. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा और यदि लागू हो तो शुल्क संबंधी विवरण (यूटीआर संख्या/ ट्रांजेक्शन आईडी) भी देना होगा। ₹236/- का गैर-वापसी योग्य शुल्क टीबीजी संग्रह खाता के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा, विवरण नीचे दिया गया है]।

   **लाभार्थी का नाम:** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
   **बैंक का नाम:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
   **बैंक खाता संख्या:** 30206227732

**आईएफ़एससी कोड:** SBIN0017313

यूटीआर नंबर और जमा किए गए आवेदन शुल्क के विवरण को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज करना होगा और जहां लागू हो, रसीद का प्रिंटआउट साक्षात्कार के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। भुगतान के अन्य किसी भी तरीके जैसे डिमांड ड्राफ्ट, मनी ऑर्डर, पोस्टल ऑर्डर, चेक आदि स्वीकार्य नहीं हैं।

3. हमारी वेबसाइट https://careers.bhel.in (एफ. टी. ए./अंशकालिक पदों की भर्ती) इस भर्ती के संबंध में आवश्यक विवरण प्रदान करेगी।

4. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय निम्नलिखित दस्तावेजों की सुपाठ्य प्रतियां अपलोड करने की सलाह दी जाती है। यदि व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ मूल दस्तावेज लाने होंगे।

   * सभी प्रमाण पत्र वैध होने चाहिए और नियुक्ति प्राधिकार द्वारा जारी किए जाने चाहिए।

| **क्रम सं.** | **अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ (अधिकतम अनुमत आकार 2MB)** | **प्रारूप** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| ए) | हाल ही का पासपोर्ट साइज़ रंगीन फ़ोटो (सफेद बैकग्राउंड में)<br>उम्मीदवारों को भविष्य में उपयोग के लिए उसी फ़ोटो की पर्याप्त प्रतियाँ आरक्षित रखनी चाहिए, जिसका वे ऑनलाइन पंजीकरण में उपयोग कर रहे हैं। | .जेपीजी | अनिवार्य |
| बी) | हस्ताक्षर (नीली/काली स्याही में) | .जेपीजी | अनिवार्य |
| सी) | जन्मतिथि प्रमाण: 10 वीं का प्रमाणपत्र (जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो) | .पीडीएफ़ | अनिवार्य |

| क्रम सं. | अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ (अधिकतम अनुमत आकार 2MB) | प्रारूप | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- |
| डी) | सी. जी. पी. ए./ओ. जी. पी. ए./डी. जी. पी. ए. को प्रतिशत दर (यदि लागू हो) में बदलने के लिए तकनीकी बोर्ड/संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों के प्रमाण के साथ डिप्लोमा योग्यता के सभी वर्षों/सेमेस्टर की मार्कशीट के साथ योग्यता प्रमाण पत्र<br>एफ. टी. ए. (सेफ़्टी) पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए, दोनों डिप्लोमा इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी और डिप्लोमा सेफ़्टी अनिवार्य योग्यता हैं<br>यदि अतिरिक्त योग्यता का उल्लेख किया गया है, तो सी. जी. पी. ए./ओ. जी. पी. ए./डी. जी. पी. ए. को प्रतिशत दर (यदि लागू हो) में बदलने के लिए तकनीकी बोर्ड/संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों के प्रमाण के साथ योग्यता के सभी वर्षों/सेमेस्टर की मार्कशीट के साथ प्रमाण पत्र अपलोड किए जाने हैं<br>उपरोक्त के साथ सभी प्रमाणपत्रों और मार्कशीट को एक पीडीएफ में स्कैन किया जाना आवश्यक है | .पीडीएफ़ | अनिवार्य |
| ई) | नियुक्ति पत्र/ज्वाइनिंग लेटर/अनुभव प्रमाण पत्र (वर्तमान और साथ ही पिछले नियोजन के लिए जो आरंभिक तिथि, अंतिम तिथि, पदनाम, पद और अनुभव के क्षेत्र को दर्शाता है) | .पीडीएफ़ | अनिवार्य |
| एफ़) | सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम में कार्य करने वाले उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है और वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)" अपलोड करना भी आवश्यक है<br>यदि यह उपलब्ध नहीं है, तो वर्तमान नियोक्ता को प्रस्तुत की गई अनुरोध की प्रति अपलोड की जा सकती है<br>व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय, मूल रूप में एन. ओ. सी. की आवश्यकता है | .पीडीएफ़ | यदि लागू हो |
| जी) | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) प्रमाणपत्र। प्रारूप बीएचईएल वेबसाइट पर उपलब्ध है | .पीडीएफ़ | यदि लागू हो |

| क्रम सं. | अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ (अधिकतम अनुमत आकार 2MB) | प्रारूप | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| एच) | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र (एससी/एसटी/ओ.बी.सी.)। प्रारूप बीएचईएल वेबसाइट पर उपलब्ध है<br>नॉन-क्रीमी लेयर से संबंधित ओ.बी.सी. उम्मीदवार द्वारा स्व-घोषणा। प्रारूप बीएचईएल वेबसाइट पर उपलब्ध है | .पीडीएफ़ | यदि लागू हो |
| आई) | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में पूर्व-सैनिक सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र | .पीडीएफ़ | यदि लागू हो |
| जे) | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगजन प्रमाणपत्र | .पीडीएफ़ | यदि लागू हो |
| के) | यदि उम्मीदवार जम्मू-कश्मीर से है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में आयु छूट प्रमाणपत्र | .पीडीएफ़ | यदि लागू हो |
| एल) | 236/- रुपये का प्रसंस्करण शुल्क जमा करने के बाद यूटीआर संख्या/ ट्रांज़ैक्शन आईडी वाली रसीद की प्रति | .पीडीएफ़ | एससी, एसटी, दिव्यांगजन और पूर्व सैनिकों को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों द्वारा देय। |

5. एफ. टी. ए. ग्रेड ।।। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा करना होगा। आवेदन के किसी अन्य तरीके पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी दस्तावेज आवेदन पत्र में ही अपलोड किए जाने हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अपलोड किए गए सभी दस्तावेज स्पष्ट और वर्तमान तिथि तक वैध हों। अस्पष्ट/गलत तरीके से अपलोड किए गए दस्तावेजों वाले आवेदन तत्काल खारिज कर दिए जाएंगे और इस संबंध में आगे कोई संचार नहीं किया जाएगा।

6. फॉर्म जमा करने, फोटो और दस्तावेज़ अपलोड करने के बाद ही पावती पर्ची डाउनलोड की जा सकती है।
7. व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जा रहे उम्मीदवारों के नाम, व्यक्तिगत साक्षात्कार की सारिणी और आगे के निर्देशों को देखने के लिए, जिसमें व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रवेश के लिए आवश्यक 'अनुमति पर्ची/व्यक्तिगत साक्षात्कार पत्र' डाउनलोड करना शामिल है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि समय-समय पर हमारी वेबसाइट देखते रहें।

8. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एक वैध ई-मेल आईडी (जिसे ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज किया जाना है) रखें और इसे कम से कम अगले दो वर्षों तक सक्रिय रखें क्योंकि उम्मीदवारों को कोई भी महत्त्वपूर्ण सूचना बीएचईएल द्वारा ई-मेल के ज़रिए दी जाएगी।

9. ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने अथवा सामान्य पूछताछ के संबंध में उम्मीदवारों को किसी भी कठिनाई का सामना करने के मामले में, उम्मीदवार हमसे tbghr@bhel.in पर ईमेल द्वारा संपर्क कर सकते हैं या फोन नंबर 0120-2218843 पर कॉल कर सकते हैं।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आरंभिक तिथि | 03.02.2026 X |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 24.02.2026 X+15 |